प्रेस–विज्ञप्ति
राजस्व विभाग,उ0प्र0
लेखपाल–भर्ती परीक्षा–2015

जनपद का नाम – प्रतापगढ़

परीक्षा का नाम : लेखपाल राजस्व

विज्ञापन संख्या : 961 / सात–स0भू0अ0–2015

दिनांक : जुलाई 03 2015

आवेदन पत्र स्वीकार (SUBMIT) किये जाने की अन्तिम तिथि – 22 जुलाई 2015

परीक्षा शुल्क बैंक में जमा किये जाने की अन्तिम तिथि – 21 जुलाई 2015

आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद उ0प्र0 अनुभाग–4, लखनऊ के पत्र–संख्या जी–207/4–34ए/2013 दिनांक : 24 जून 2015 के क्रम में प्रमुख सचिव, कार्मिक विभाग, उ0प्र0शासन के अर्द्ध शासकीय पत्र संख्या–39पी0एस0/2015 दिनांक : 24.06.2015 में दिये गये व्यवस्थानुसार पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या : 887/सात–स0भू0अ0–2015 दिनांक : 18 जून 2015 के क्रम में विज्ञापन संख्या : 887 दिनांक : 18 जून 2015 निरस्त किया जाता है।

प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर ऑन–लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। लिखित परीक्षा दिनांक : 30 अगस्त 2015 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रहेगा, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा ऑन–लाइन प्राप्त किया जा सकता है।

रिक्तियों का विवरण

क्रम	पदनाम	दिनांक : 01.07.2015 को आयु	वेतनमान	कुल रिक्त पदों की संख्या	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ी जाति	पद हेतु शैक्षिक अर्हता	पद हेतु अधिमानी अर्हता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लेखपाल	न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष	रू0 5200–20200 (ग्रेड पे–2000)	182	92	38	03	49	माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 की इण्टरमीडियट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा में उत्तीर्ण	1– प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो या 2–राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

1– लेखपाल पदों की भर्ती उ0प्र0 लेखपाल सेवा नियमावली 2006 यथा संशोधित 2014 एवं समय–समय पर जारी किये गये शासनादेश एवं परिषदादेश के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा।

2– दिनांक 01.07.2015 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है साथ ही उक्त दिनांक को अभ्यर्थी की आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। रिक्त पदों की संख्या को बढाया या कम किया जा सकता है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग के लिये आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा। इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अर्न्तगत आने वाली श्रेणियों यथा उ0प्र0 के स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित, उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिकों, उ0प्र0 समाज के विकलांगों तथा उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थियों को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमों के अनुसार रिक्तियां बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा।

..........................2

3— ऑन–लाइन फार्म दिनांक : 22.07.2015 तक जमा किये जा सकेंगे। अनारक्षित (सामान्य) और पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों से रूपये 300/–(+बैंक प्रभार अतिरिक्त) तथा उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जांति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को रू0 150/–(+बैंक प्रभार अतिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई–चालान के माध्यम से जिलाधिकारी प्रतापगढ़ के पक्ष में देय होगा, जिसका उल्लेख ऑन लाइन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा।

4— प्रदेश के सभी जनपदों में परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नही होगा तथा इस सम्बन्ध में कोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार नही होगा।

5— परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा, परीक्षा सम्बन्धी जानकारी के सम्बन्ध में तिथि, समय और परीक्षा एवं साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीदवारों को ई–प्रवेश पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किया जायेगा, जो कि परिषद की बेवसाइट http://bor.up.nic.in और जिले की बेवसाइट http://pratapgarh.nic.in पर उपलब्ध होगा।

6— ऑन लाइन आवेदन का प्रारूप, आफ लाइन परीक्षा सम्बन्धी निर्देश अन्य सामान्य निर्देश एवं परीक्षा सम्बन्धी अन्य प्रासंगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण दिनांक : 22.06.2015 से परिषद के बेवसाइट http://bor.up.nic.in और जिले की बेवसाइट http://pratapgarh.nic.in पर उपलब्ध हो जायेगा।

7— लेखपाल भर्ती परीक्षा 2015 के सम्बन्ध में पूर्व में दिनांक : 18.06.2015 को जारी विज्ञप्ति के अनुसार जिन अभ्यर्थियों के परीक्षा शुल्क/फार्म स्वीकार किये जा चुके हैं। उन अभ्यर्थियों द्वारा पुनः परीक्षा शुल्क/फार्म नही भरे जायेंगे। उनका अभ्यर्थन इस नयी विज्ञप्ति के लिये भी मान्य होगा।

अध्यक्ष, चयन समिति/जिलाधिकारी,
प्रतापगढ़।

पत्रांक व दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि :

1. आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद उ0प्र0 अनुभाग–4, लखनऊ को सादर सूचनार्थ।
2. आयुक्त, इलाहाबाद मण्डल इलाहाबाद।
3. सहायक निदेशक, सूचना प्रतापगढ़ को इस आशय से कि प्रमुख दो समाचार पत्रों में प्रकाशित कराकर प्रकाशन व्यय, बिल बाउचर भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।
4. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी प्रतापगढ़ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त विज्ञप्ति को जनपद व राजस्व परिषद की बेवसाइट पर अपलोड करें।
5. जिला सेवायोजन अधिकारी प्रतापगढ़ को अपने सेवायोजन पोर्टल www.sewayojan.org पर अपलोड करने के सम्बन्ध में।
6. नायब नाजिर सदर/कुण्डा/पट्टी/लालगंज/रानीगंज एवं नाजिर कलेक्ट्रेट प्रतापगढ़ को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

अध्यक्ष, चयन समिति/जिलाधिकारी,
प्रतापगढ़।